भारत सरकार
श्रम और रोजगार मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या- 1666
सोमवार, 13 फरवरी, 2023/24 माघ, 1944 (शक)

नेशनल करियर सर्विसेज (एनसीएस)

1666. श्री मारगनी भरतः

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि सरकार ने नेशनल करियर सर्विसेज (एनसीएस) के तहत 207 मॉडल करियर केंद्रों (एमसीसी) की स्थापना को मंजूरी दी है, जिनमें से केवल 141 काम कर रहे हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं;
(ख) शेष एमसीसी के चालू होने का अनुमानित समय क्या है;
(ग) एनसीएस पोर्टल पर पंजीकृत और सक्रिय नौकरी चाहने वालों और नियोक्ताओं की संख्या का ब्यौरा क्या है;
(घ) क्या सरकार ने एनसीएस पोर्टल के बारे में जागरुकता पैदा करने और इसकी पहुंच बढ़ाने के लिए कोई कदम उठाए हैं; और
(ड.) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
श्रम और रोजगार राज्य मंत्री
(श्री रामेश्वर तेली)

(क) से (ङ): सरकार द्वारा राष्ट्रीय करियर सेवा (एनसीएस) परियोजना, रोजगार की खोज एवं मिलान, करियर परामर्श, व्यावसायिक मार्गदर्शन, कौशल विकास पाठ्यक्रमों पर जानकारी इत्यादि जैसी विभिन्न प्रकार की रोजगार संबंधी सेवाएं प्रदान करने के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म [www.ncs.gov.in] के माध्यम से कार्यान्वित की जा रही है। सरकार ने वर्ष 2021-22 तक देश भर में 207 मॉडल करियर केंद्रों (एमसीसी) की स्थापना को मंजूरी दी है और सभी 207 एमसीसी कार्यशील हैं।

एनसीएस पोर्टल की शुरूआत से दिनांक 30.01.2023 तक, 2.88 करोड़ रोजगार चाहने वालों ने पोर्टल पर पंजीकरण कराया है, जिसमें से 1.12 करोड़ रोजगार चाहने वालों ने पिछले एक साल में एनसीएस पोर्टल पर लॉग इन किया है और/या रोजगार की तलाश की है। इसके साथ-साथ, एनसीएस पोर्टल पर 7.82 लाख नियोक्ता सक्रिय हैं।

एनसीएस पोर्टल के बारे में जागरूकता एवं पोर्टल की पहुंच बढ़ाने के लिए विभिन्न गतिविधियां शुरू की गई हैं। एनसीएस पोर्टल पर सेवाओं की उपलब्धता के बारे में नियमित सोशल मीडिया पर पोस्ट जारी किए जाते हैं। नियमित सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से एनसीएस पोर्टल पर क्षेत्रवार और साथ ही राज्यवार रिक्तियों की उपलब्धता के बारे में नियमित रूप से जागरूकता अभियान चलाया जाता है। एनसीएस के विकास और नई गतिविधियों के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए एनसीएस मासिक ई-न्यूज़लेटर जारी किए जाते हैं। राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में स्थापित मॉडल करियर केंद्र, हितधारकों के लिए नियमित रूप से कार्यशालाएं, जागरूकता/अभिविन्यास कार्यक्रम जैसी विभिन्न आउटरीच गतिविधियों का संचालन करते हैं। इसके साथ-साथ, एनसीएस पोर्टल ने एनसीएस रिक्ति डेटाबेस को समृद्ध करने के लिए कई निजी जॉब पोर्टल्स के साथ भागीदारी की है।

*****